
एक नजर में

## नो-एंट्री क्षेत्र में भारी वाहनों पर चालानी कार्रवाई




इंदौर. शहर में यातायात सुगमता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस ने प्रतिबंधित मार्गों और नो-एंट्री क्षेत्रों में भारी वाहनों की निगरानी तेज कर दी है. सुबह रेडिसन चौराहा के पीछे सर्विस रोड से गिट्टी से लदा हाईवा भागते हुए पकड़ा गया और चालान बनाया. ड्यूटी पर तैनात सूबेदार आशा यादव की टीम ने हाईवा का पीछा कर विजयनगर में उसे रोक लिया. निरीक्षण में पाया गया कि चालक नो-एंट्री नियमों की अवहेलना कर मुख्य रोड छोड़ सर्विस रोड से गुपचुप प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था. आज अलग-अलग पॉइंट्स पर नो-एंट्री का उल्लंघन करने वाले 14 भारी वाहनों के चालान भी किए गए. पुलिस ने ट्रांसपोर्ट संगठन और वाहन चालकों से अपील की है कि नो-एंट्री क्षेत्रों और निर्धारित समय का पालन करें, ताकि शहर में सुरक्षित और सुगम यातायात बना रहे.

## पीथमपुर एक घंटा विशेष श्रमदान का आयोजन



इंदौर. भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा अभियान को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष सेवंती सुरेश पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशिकांत शुक्ला, नोडल अधिकारी हिमांशु सिंह स्वास्थ्य अधिकारी रूपेश कुमार सूर्या के आदेशानुक्रम में निकाय के वार्ड 28 बगदून तालाब के आस पास एक घंटा विशेष श्रमदान का आयोजन किया गया. अभियान के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पटेल, पार्षद सुरेश सुनेर, सुनील वर्मा, गोविंद परमार के साथ निकाय के समस्त जनप्रतिनिधि, कार्यालय अधीक्षक विजय अहीर, सहायक यंत्री सुश्री मीरा कन्नौज, सहायक लेखा अधिकारी उदय सिंह, दीपक माहौर, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर कैलाश सागर, हेमलता चंद्रावत के साथ सभी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, स्वयं सेवी संस्था के सदस्य, चिल्ड्रेन केयर स्कूल के शिक्षक समस्त छात्र-छात्राएं स्वच्छता निरीक्षक प्रेम कुमार चौहान, जोन प्रभारी धर्मेंद्र गुप्ता, आरजू जैन, तुलसीदास बैगा, शिवराम मुजाल्दे, राजू बड़ोदिया के साथ निकाय के सभी अधिकारी कर्मचारी, स्वच्छता टीम डिवाइन के सदस्य और नागरिकों की उपस्थिति रही. निकाय में वृहद वृक्षारोपण करने हेतु आईओसीएल कंपनी द्वारा 1.50 लाख का चेक मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंपा गया जिसमें डॉ के एस चौधरी, महाप्रबंधक (टर्मिनल), रवि कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक श्रीनिवास ठाकुर प्रबंधक इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन इंदौर टर्मिनल सम्मिलित रहे.

## छावनी महू में चलाया सफाई अभियान




महू. छावनी परिषद ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली और गांधी चौक पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया. महू छावनी परिषद स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वच्छ उत्सव का आयोजन कर रही है. इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चे, सफाई कर्मचारी, कार्यालय कर्मचारी और शहर के नागरिकों सहित लगभग 200 लोगों ने भाग लिया. छावनी परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विकास कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित रहे. उन्होंने कहा कि महू छावनी में स्वच्छता पखवाड़े के साथ-साथ अन्य दिनों में भी सफाई कार्य निरंतर जारी रहता है. उन्होंने शहरवासियों से आसपास स्वच्छता बनाए रखने और सड़कों पर कचरा न फेंकने की अपील की. कार्यक्रम में छावनी परिषद के सिटी इंजीनियर एस एच कोलाय, कार्यालय अधीक्षक सतीश अग्रवाल, स्वास्थ्य अधीक्षक मनीष अग्रवाल, अनिल भाटी, देवेंद्र मेव सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे.

## ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपी गिरफ्तार





इंदौर. क्राइम ब्रांच पुलिस ने रेलवे कॉलोनी के पास एमआर-04 रोड क्षेत्र में कार्रवाई कर दो युवकों को अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है. एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि आरोपियों की पहचान कीर्ति ओसवाल और महेंद्र उर्फ शिवा, दोनों निवासी चंदननगर के रूप में हुई है. इनके कब्जे से लगभग 12.90 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 1,30,000 रुपए है. आरोपियों ने प्रारंभिक पूछताछ में स्वीकार किया कि वे नशे के आदी हैं और सस्ते दामों पर मादक पदार्थ खरीदकर इंदौर शहर में अधिक दामों पर नशे के आदी लोगों को बेचते थे. पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार क्राइम ब्रांच लगातार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और उनके व्यापार में संलिप्त व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है. दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# रिश्वत लेते निगम का दरोगा और सुपरवाइजर गिरफ्तार

- तीन हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए आरोपियों पर कार्रवाई

नव भारत न्यूज

**इंदौर. इंदौर लोकायुक्त इकाई ने शहर में प्रभावशाली ट्रेप कार्रवाई की. नगर निगम जोन 22 के दरोगा गोपाल पटौना और सुपरवाइजर भरत मुराड़िया को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा.**

आवेदक मनोज चौहान ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त को शिकायत की थी कि उसका ट्रैक्टर सी 21 मॉल का मलबा उसकी साइट पर ले जाकर डालता है और इसके लिए उसे प्रति फेरा 500 रुपए मिलते हैं. 24 सितंबर को नगर निगम के दरोगा गोपाल और सुपरवाइजर भरत ने ट्रैक्टर रोक लिया और





10,000 रुपए की मांग की. इस दौरान भरत ने 2,000 रुपए पहले ही ले लिए और शेष 3,000 रुपए लेने के लिए अगले दिन बुलाया. लोकायुक्त ट्रेप दल ने योजना के अनुसार कार्रवाई की. 25 सितंबर को गोपाल ने 3,000 रुपए रिश्वत के रूप में लिए और भरत को सौंपे. इसी दौरान आसपास तैनात ट्रेप दल ने दोनों आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया. दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जांच शुरु की.

## नकाबपोश बदमाशों ने फाइनेंस एजेंट से 35 हजार रुपए लूटे

इंदौर. चंद्रावतीगंज क्षेत्र के ग्राम बावरिया और गुलावट के बीच बुधवार को नकाबपोश दो बदमाशों ने फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट से 35 हजार रुपए लूट लिए.एसडीओपी प्रशांत भदौरिया के अनुसार, इंडसइंड बैंक की सांवेर शाखा का कर्मचारी सुबह करीब 11 बजे गांवों से राशि जमा कर लौट रहा था. ग्राम बावरिया फाटे के पास बाइक पर आए दो नकाबपोश बदमाशों ने उसे ओवरटेक किया, चाकू दिखाकर धमकाया और गाड़ी पर रखा पिट्ठू बैग छीनकर फरार हो गए. पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से फुटेज निकालकर संदिग्धों की पहचान और ट्रेसिंग में जुट गई है. एसडीओपी ने बताया कि ग्राम माचल के पास सड़क पर रांपी लगाकर गुजरात के व्यापारी की गाड़ी पंक्चर कर पांच लाख से अधिक रुपए और आभूषण लूटने वाले नकाबपोश बदमाशों का भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है. पुलिस इन सभी लूट मामलों के तार जोड़कर कार्रवाई कर रही है.

# जमीन विवाद में गोलीकांड, भूमाफिया पर पुलिस की नजर

- मनोज नागर पर सुनियोजित हमले का सीसीटीवी वीडियो आया सामने
- मुख्य संदिग्ध सोनू ठाकुर फरार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. महालक्ष्मीनगर में बुधवार रात हुए गोलीकांड के पीछे जमीन संबंधी पुराना विवाद सामने आया है. हमलावरों ने रेकी कर 50 वर्षीय मनोज उर्फ मनोहर रामचरण नागर पर हमला किया. हमले में नागर के हाथ और पेट में गोली लगी है, फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है.**

पुलिस सूत्रों के अनुसार, नागर की गाड़ी को हमलावरों ने पहले कार से टक्कर मारी. नागर जब कार का दरवाजा खटखटाने पहुंचा, तभी एक बदमाश ने उसकी आंख में मिर्ची पाउडर झोंक दिया. इसी दौरान हेलमेट पहने दूसरे हमलावर ने पीछे से



### पुलिस की पड़ताल

खजराना और लसूड़िया पुलिस सोनू ठाकुर से जुड़े सभी लोगों पर नजर रख रही है. बताया जाता है कि सोनू पर खजराना थाने में पहले से तीन-चार केस दर्ज हैं और एक मामले में वह नागर का साथी भी रह चुका है. पुलिस को आशंका है कि गोलीकांड के पीछे कोई बड़ा राज छिपा है, जिसे नागर फिलहाल उजागर नहीं कर रहा.

आकर तीन फायर कर दिए. वारदात का वीडियो भी सामने आया है. बताते हैं कि मनोज नागर के खिलाफ पहले से चार-पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें ब्लैकमेलिंग और धोखाधड़ी शामिल हैं. उसने रामकृष्ण बाग सहित कई कालोनियां काटी थीं और विवादित प्लॉटों पर कब्जे व दस्तावेज बनाकर बेचने का काम करता था. न्यायनगर की जमीनों को लेकर उसका कई लोगों से विवाद चल रहा था. वीडियो में गोली चलाने वाले की पहचान वैभव लक्ष्मीनगर निवासी सोनू ठाकुर के रूप में होने की आशंका है. सूत्रों के मुताबिक, हमले से पहले आरोपी दो-तीन दिन तक नागर की गतिविधियों की टोह लेते रहे. पुलिस ने सोनू के रिश्तेदारों और परिचितों से पूछताछ की, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला है. सोनू का घर बंद मिला और वह परिवार समेत फरार है.

# पूर्व गर्लफ्रेंड को एक्टिवा से मारी टक्कर

- लिव-इन से इनकार करने पर बौखलाया युवक
- आरोपी पर हत्या की कोशिश समेत कई धाराओं में केस दर्ज
- 7 पुराने अपराध भी निकले सामने

नव भारत न्यूज

**इंदौर. लिव-इन रिलेशनशिप से इनकार करने पर एक युवक ने अपनी पूर्व प्रेमिका पर तेज रफ्तार एक्टिवा चढ़ा दी. गनीमत रही कि युवती की जान बच गई, लेकिन उसे गंभीर चोटें आईं. वारदात का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या की कोशिश का केस दर्ज कर उसकी तलाश तेज कर दी है.**

हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि बुधवार शाम कल्पना नगर इलाके में आरोपी राजेंद्र



चौरसिया ने युवती का रास्ता रोककर दोबारा साथ रहने का दबाव बनाया. युवती ने इनकार किया तो दोनों के बीच बहस हो गई. गुस्से में राजेंद्र वहां से चला गया, लेकिन कुछ ही देर बाद वह एक्टिवा से लौटकर युवती की तरफ तेज रफ्तार में बढ़ा और उस पर वाहन चढ़ा दिया. घायल युवती को राहगीरों ने संभाला और अस्पताल पहुंचाया. पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों के बीच अफेयर था और कुछ समय तक वे लिव-इन रिलेशनशिप में भी रहे. राजेंद्र को नशे की लत और हिंसक स्वभाव के कारण युवती ने रिश्ता तोड़ दिया और मुंबई जाकर नौकरी करने लगी. करीब एक महीने पहले पिता के निधन के बाद वह इंदौर लौटी, तो आरोपी फिर उसके घर के आसपास मंडराने लगा.

## मनचला गिरफ्तार

इंदौर. शहर में महिला सुरक्षा को लेकर जारी अभियान के तहत पुलिस थाना भँवरकुआ ने एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है, जो सुनसान स्थानों पर युवतियों को अश्लील तरीके से छूकर परेशान करता था. पीड़ित छात्रा ने बताया कि कॉलेज से लौटते समय एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने बेड टच किया और फरार हो गया. जांच में सामने आया कि उसी छात्रा के साथ एक दिन पहले भी इसी तरह की छेड़छाड़ हुई थी. सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी हरिओम बिरला 26, निवासी गणेश नगर, खण्डवा रोड की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपी ने दोनों घटनाओं के साथ ही अन्य ऐसी कई घटनाओं को भी कबूल किया. पुलिस आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई कर रही है.



## अब एयरपोर्ट प्रबंधन एक्शन मोड में डॉक्टर को हटाया, सफाई एजेंसी पर जुर्माना

नव भारत न्यूज

इंदौर. एयरपोर्ट पर यात्री को चूहे के काटने की घटना के बाद प्रबंधन ने सख्त कदम उठाए हैं. मेडिकल रूम में तैनात डॉ. हर्षवर्धन सिंह को इलाज में संवेदनशीलता न दिखाने के आरोप में हटाकर नोटिस थमा दिया है. वहीं, एयरपोर्ट की साफ-सफाई का जिम्मा संभाल रही पेस्ट कंट्रोल ऑफ इंडिया पर जुर्माना लगाकर नोटिस जारी किया. एयरपोर्ट डायरेक्टर वीके सेठ ने कहा कि परिसर में पेस्ट कंट्रोल का काम दोबारा शुरू करा दिया है. उन्होंने चेतावनी दी कि अगर आगे भी ऐसी लापरवाही मिली तो पीसीआई का कॉन्ट्रेक्ट रद्द कर दिया जाएगा. साथ ही मेडिकल इमरजेंसी सेवाएं देने वाले अमलतास ग्रुप को भी नोटिस दिया है. सेठ के मुताबिक पीड़ित यात्री को हरसंभव मदद दी जा रही है और चूहों को खत्म करने के लिए विशेष अभियान चल रहा है.

## महिला ने आरोपी को ब्लॉक मारते देखा

नव भारत न्यूज

इंदौर. एरोड्रम क्षेत्र में लोडिंग चालक दीपक पिता मोहनलाल, निवासी सिद्धार्थ नगर की हत्या की जांच पुलिस अभी तक खाली हाथ है. हत्या की घटना बिजासन मंदिर के पास हुई, जहां दीपक की लाश मिली थी.

पुलिस सूत्रों के अनुसार, हत्या के समय एक महिला वहां मौजूद थी. उसने बताया कि दीपक और एक व्यक्ति के बीच विवाद हुआ और उसी व्यक्ति ने ब्लॉक से हमला कर दिया. हमले के बाद दीपक जोर-जोर से चीखता रहा. महिला ने घटना के बाद वहां से जाने का निर्णय लिया. पुलिस अब महिला द्वारा बताए गए हुलिए और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है. पुलिस का अनुमान है कि हत्या में एक ही व्यक्ति शामिल है.

## नकली वर्दी पहनकर वीडियो बनाने वाला 'इंदौरी गोविंदा' पहुंचा क्राइम ब्रांच

**इंदौर. सोशल मीडिया पर पुलिस की वर्दी पहनकर वीडियो बनाने वाले श्याम पांडे उर्फ 'इंदौरी गोविंदा' ने आखिरकार क्राइम ब्रांच में हाजिरी दी, वहां उसने अधिकारियों से माफी मांगी और कहा कि अब उसे समझ आया है कि वर्दी पहनना कानूनन अपराध है.**

कुछ दिनों पहले श्याम पांडे ने पुलिस की वर्दी पहनकर रील बनाई थी, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुई. मामला पुलिस के संज्ञान में आने के बाद क्राइम ब्रांच ने उसे तलब किया था. पेश होकर श्याम ने कहा मैंने गलती की, अब दोबारा



ऐसी हरकत नहीं करूंगा. मुझे नहीं पता था कि वर्दी पहनना अपराध है. क्राइम ब्रांच अधिकारियों ने उसे सख्त चेतावनी दी और कहा कि इस तरह की हरकत से पुलिस की छवि धूमिल होती है. साथ ही समझाया कि पुलिस की वर्दी सिर्फ अधिकृत जवान ही पहन सकते हैं, आम नागरिक द्वारा पहनना दंडनीय अपराध है.

# नलों में आ रहा दूषित पानी, खरीदने को मजबूर रहवासी

## मामला वार्ड 61 के रावजीबाजार क्षेत्र के राधा गोविंद बगीचा का



**इंदौर. हर रोज़ हेल्प लाईन नंबर और झोन स्तर पर पानी की किल्लत और दूषित पानी की शिकायतें दर्ज होती है. वहीं दूसरी ओर समस्याओं का निराकण करने के बजाय नगर निगम अधिकारी अपनी गलतियां मानने को राजी नहीं होते हैं.**

वार्ड क्रमांक 61 के रावजी बाज़ार क्षेत्र में बने ब्रिज के पास ही राधा गोविंद का बगीचा पड़ता है, जहां से पानी को लेकर एक मामला सामने आया है. क्षेत्र में कई दिनों से दूषित पानी की समस्या बनी हुई है. क्षेत्रवासियों से बात करने पर पता चला है कि राधा गोविंद का बगीचा में करीब तीन दशक से भी ज़्यादा पुरानी नर्मदा पानी की लाइन डली हुई है. इस लाइन से क्षेत्र के अधिकांश घरों में कनेक्शन भी दिए गए हैं जिससे रहवासियों को पानी की पूर्ति होती आ रही थी. लेकिन कुछ वर्षो से पानी की इस लाइन से दूषित पानी आ रहा है जिसकी शिकायत भी कई बार हो चुकी है लेकिन अधिकारियों और जिम्मेदारों ने आज तक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया. यहां पानी इतना दूषित होता है कि इसे इस्तेमाल करना मुमकिन नहीं है. मजबूरन लोगों को दूर-दराज़ जाकर पानी लाना पड़ता है या फिर पैसे देकर पानी लेना पड़ रहा है.

### इनका कहना है...



पानी पूरी तरहा से गंदा आता है, जो पीने योग्य नहीं होता. नगर निगम को लाइन का फाल्ट ढूंढकर इसका सुधारीकरण कर लोगों को शुद्ध पानी देना चाहिए. यहां स्वास्थ्य का सवाल है.

\- दिनेश वर्मा



क्षेत्र में नर्मदा की पैतीस वर्ष पुरानी लाईन है. कुछ सालों से उसमें गंदा पानी आ रहा है. क्षेत्र में नई लाइन भी डल चुकी है. दोनों नई लाइन में पानी गंदा ही आ रहा है.

\- चंद्रकला बाई



पीने के पानी के लिए तो काली टंकी या दूर बनी बड़ी टंकी से पानी लाना पड़ता है. यहां पानी तो इतना गंदा है कि इसके पीने से बच्चे बड़े सभी बीमार पड़ जाते हैं.

\- श्यामा बाई



नलों से काला पानी आता है. कुछ देर बाद पानी साफ आता है लेकिन बहुत बदबू वाला पानी होता है. कपड़े धोने नहाने के लिए तो ठीक है पीने के लिए पैसा देकर पानी लेते हैं.

\- विमला बाई